तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024

14 आत्मानंद महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विविध...




14 महानदी में रात को चल रही चेन माउंटेन व ओवरलोड...






श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### छात्रावास में मनाया योग व ध्यान दिवस

**सरोना।** सरोना के प्री मेट्रिक बालक छात्रावास में योग और ध्यान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझना था। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास से हुई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक दिनेश मरकाम, रामचरण उपाध्याय, योगेश नेताम, सूरज मंडावी, मिथिलेश भास्कर व छात्र उपस्थित रहें।

### समूह ने स्कूली बच्चों को बांटे गरम कपड़े



**भानुप्रतापपुर।** हेल्प एवरी वन समूह द्वारा भानुप्रतापपुर में जरूरत के अनुसार हमेशा जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। इसी कड़ी में ठंड को बढ़ता देख हेल्प एवरी वन समूह द्वारा 21 दिसंबर को ग्राम चिचगांव के प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चो को गर्म कपड़ा के साथ नाश्ता दिया गया। इस कार्यक्रम में हेल्प एवरी वन के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

### सेवानिवृत्त और पदोन्नति पर किया सम्मान, दी विदाई

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कोण्डे स्कूल में सेवानिवृत्त और पदोन्नति होने पर सम्मान समारोह के साथ विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल केन्द्र कोण्डे से 12 शिक्षको का सेवानिवृत और स्थानानतरण पदोन्नति पर सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चो ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया। समस्त शिक्षको द्वारा कार्यअनुभवो को सांझा किया। प्राचार्य बाबुलाल कोमरे के कार्यकाल में हुए कार्य और उनके कार्यो कि सराहना किया। शिक्षको द्वारा हमेशा प्राप्त अनुभवो से बढ़कर शिक्षा के विकास विस्तार में बेहतर करने शपथ लिए।

### जनपद निधि से पेड़ावारी के स्कूल को मिला माइक सेट



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पेड़ावारी के माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल को जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत दुर्गुकोदंल के द्वारा माइक सेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं सभापति ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दें। अन्य गतिविधियों पर विशेष रूप से शिक्षकों के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही। शिक्षकों से कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान शिमला गावड़े, जागेश्वर गावड़े, बृजलाल पुरामें, सुरेश कोवाची, नरेंद्र बेलसरिया, अशोक गावड़े, हेमंत दामले, शांति गावड़े, पुनीता भुआर्य, चंदेल साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

**गड़बड़ी :** ग्रामीणों ने कहा- माँग पूरी नहीं होने पर न खदान चलेगी, न चलेगी रेल

# सांसद व विधायक ने बीएसपी के अफसरों को लगाई फटकार, ग्रामीणों में भी दिखा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्रामीणों ने कहा कि बीएसपी के अधिकारी करते रहते हैं गुमराह
- 8 कांकेर से ज्यादा नारायणपुर जिले को दे रहे है राशि

रावघाट क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में सांसद भोजराज नाग और विधायक विक्रम उसेंडी ने बीएसपी के अफसरों का फटकार लगाई, वहीं ग्रामीणों का कहना था कि बीएसपी के अफसरों ने सदैव गुमराह करने का काम किया है। कांकेर जिला के बजाए सीएसआर मद की राशि को नारायणपुर में खर्च कर रहे है और कांकेर जिले के लोगों को ठग रहे है। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को कलेक्टोरेट में सांसद भोजराज नाग और विधायक विक्रम उसेंडी की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया था, जिसमें रावघाट में कार्यरत बीएसपी के अधिकारी, रेल विभाग के अधिकारी व कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, जिला अधिकारी के अलावा रावघाट क्षेत्र के ग्रामीण व रेल्वे से पीड़ित ग्रामीण पहुँचे थे। सबसे पहले रावघाट क्षेत्र के लोगों के साथ चर्चा शुरू हुई। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग बीएसपी व माइनिंग के विरोध में नहीं है, हम लोगों से बीएसपी के अफसरों ने



जो 2016 में वादा किया था, वो आज तक पूरा नहीं हो पाया है और हम लोगों को ठगने का काम बीएसपी के अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग को जितने काम करने के लिए दिए गए, उसमें एक भी काम सही ढंग से नहीं हुआ है। गुणवत्ता ऐसी है कि जो निर्माण हुआ है, वे सब धसक गए है। सांसद ने कहा कि वन विभाग के पास न तो इंजीनियर है और न ही कोई टेक्निकल स्टाप है, उनसे निर्माण काम करवाने का औचित्य क्या है। विधायक ने कहा कि बहुत जल्द पूरी टीम ले जाकर सभी कार्यो का निरीक्षण किया जाएगा और लापरवाही करने वाले ठेकेदार व अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी।

### अधिकारियों की लापरवाही उजागर

बैठक में यह बात स्पष्ट नजर आई कि रावघाट खदान क्षेत्र के प्रभावित लोगो का विरोध करना जायज नजर आ रहा है। विरोध करने वालों का कहना था कि हम इसके विरोध में नहीं है, परंतु बीएसपी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही ऐसी परिस्थितियाएं निर्मित हो रही है। बीएसपी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण माइनिंग कार्य में तेजी नहीं आ पा रही है। बीएसपी के आला अफसरों को इस पर चिंतन करने की जरूरत है।

### 100 करोड़ खर्चा किया, सभी रह गए स्तब्ध

बीएसपी के अधिकारियों ने बताया कि 2016 से अभी तक 100 करोड़ रूपएं खर्चा किया जा चुका है। सांसद, विधायक व ग्रामीणों ने 100 करोड़ का हिसाब मांगा, परंतु अफसरों ने मौन साध लिया। सांसद और विधायक ने बीएसपी के अधिकारियों से कहा कि 100 करोड़ कहाँ खर्च किए हो, उसकी सूची दीजिए, सभी काम को देखने के लिए साथ चलेंगे। बीएसपी के अफसरों ने जब कहा कि अभी तक 100 करोड़ खर्च किया जा चुका है, इस आंकड़े को सुनकर हाल में बैठे सभी लोग स्तब्ध रह गए।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में रावघाट बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक अरूण कुमार, बीएसपी के अधिकारी अनुपम विष्ट, रेल्वे से रेल चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर दिलीप पाठक, अपर कलेक्टर बीएस उइके, अपर कलेक्टर जीतेंद्र कुर्रे, एसडीएम अंतागढ़ राहुल रजक, जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता मेश्राम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महेंद्र कश्यप, खनिज विभाग से बजरंग पैकरा, पीएमजीएसवाय कांकेर के कार्यपालन अभियंता डीएसकुमार कोमा, पीएमजीएसवाय भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता जागेश्वर ध्रुव, पीएमजीएसवाय के प्रभारी सहायक अभियंता घनश्याम कश्यप व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रावघाट संघर्ष समिति ने बैठक में अपनी माँग को गिनाया



प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को योग्यता के अनुसार नौकरी में पहले प्राथमिकता एवं आरक्षण का प्रावधान हो,देवी, देवता स्थलों को स्थांतरण न किया जाए तथा उन्हें सुरक्षित रखा जाएं। पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों की कटाई से पूर्व उनके बदले पुनः वृक्ष लगाने के लिए पहल किया जाए तथा नदी, नालियों को दूषित न किया जाए, रावघाट प्रोजेक्ट को लोहा अयस्क खनन में आउटसोर्सिंग पर पूर्णतः प्रतिबंध किया जाए। प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सा हेतु सुपर स्पेशिलिस्ट चिकित्सालय डॉक्टर एवं अच्छे इलाज के लिए अच्छे चिकित्सालय रेफर हेतु सुविधा का समूची व्यवस्था सुदृढ़ हो । शिक्षा हेतु डीएवी विद्यालय प्रभावित गांवों में निर्माण हो और आईटीआई जैसे संस्थानों में इस क्षेत्र के लोगों का भर्ती सुनिश्चित व्यवस्था किया जाए। माइनिंग क्षेत्र से बाईपास रोड एवं अंतागढ़ से नारायणपुर तक मेनरोड चौड़ीकरण होना चाहिए। प्रभावित गांवों को आदर्श ग्रामों में विकसित करने उचित कार्य किया जाए। इस क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए योग्यता अनुसार उच्च तकनीकी शिक्षा का प्रावधान।व एनएमडीसी संस्था जैसा छात्रवृत्ति निःशुल्क प्रशिक्षण हो। रेल्वे लाईन में प्रभावित किसानों के जमीन का मुआवजा व नौकरी तत्काल प्रावधान हो। विद्युत लाइन में प्रभावित किसानों के जमीन का मुआवजा का तत्काल प्रावधान हो। रावघाट माइंस क्षेत्र का कोई भी कार्य शुरु करने से पूर्व क्षेत्र के लोगों एवं सम्पूर्ण ग्रामवासियों को अवगत कराया जाए सात ही ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाए। माईनिंग का कार्य तय अनुसार प्रभावित ग्राम पंचायतों या निर्मित समिति को लेने का प्रावधान हो । माइनिंग क्षेत्र में ही टाऊनशिप खोला जाए। माइनिंग क्षेत्र में कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर स्थानीय मजदूरों को इलाज एवं मुआवजा का प्रावधान हो । माइनिंग क्षेत्र के अन्तर्गत जो वन ग्रामों को राजस्व में शामिल किया जाए। सीएसआर मद से मूलभूत सुविधा प्रभावित क्षेत्र में विकास प्रावधान हो ।

## पिछड़ा वर्ग समाज ने आरक्षण में कटौती करने का लगाया आरोप और दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में एक बार फिर आरक्षण की आग सुलगने वाली है। पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा 30 दिसंबर को नेशनल हाईवे माकड़ी में चक्का जाम की चेतावनी दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में यादव समाज भवन टिकरापारा में जिला स्तरीय बैठक सहित बस्तर संभाग में आरक्षण के नए अध्यादेश 2024 में पिछड़ा वर्ग समाज को छत्तीसगढ़ सरकार ने ठगा है, जिसके विरोध में 21 दिसंबर को बैठक रखा गया। बस्तर संभाग में निवासरत अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को छत्तीसगढ़ सरकार ने 50 आरक्षण प्रदान करने का झुनझुना पकड़ा दिया और बस्तर के ओबीसी को पूर्व में जो आरक्षण मिल भी रहा था, उसे भी कम कर दिया गया। जिसके कारण पूरे बस्तर सहित काँकेर जिला के सभी ओबीसी आक्रोशित हैं। समाज का कहना है कि पिछड़ावर्ग समाज ने 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग की तो उल्टे सरकार ने पिछड़ावर्ग समाज के आरक्षण में ही कटौती कर दिया गया है। शनिवार को पिछड़ावर्ग समाज ने जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित कर 30 दिसंबर को माकड़ी में चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया आज बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों में पिछड़ावर्ग समाज का बैठक रखा गया था, जिसमें सभी जिला मुख्यालयों में यह प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। समाज ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय में आरक्षण के दौरान प्रदेश के बहुसंख्यक पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय ▶▶| शेष पेज 12 पर



## अंतागढ़ विधायक से भेंट की चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर चैंबर्स के पदाधिकारी हरिभूमि कार्यालय माहुरबंदपारा में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी से मुलाकात किया, वहीं विधायक ने टीम के सभी सदस्यों से जीत की बधाई देते हुए कहा कि अब आप लोगों को व्यापारी हित में काम करने की जिम्मेदारी मिल गई है, उसे बेहतर ढंग से निभाएंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी औचक हरिभूमि कार्यालय की टीम से मिलने पहुँचे और कांकेर जिले के विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। इसी दौरान चैंबर्स के नवनियुक्त पदाधिकारी जीत के उपरांत हरिभूमि व्यूरो चीफ से मिलने के लिए हरिभूमि कार्यालय पहुँचे, जहाँ उनकी मुलाकात अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी से हुई। अंतागढ़ ▶▶| शेष पेज 12 पर

## डेढ़ साल पहले जनअदालत लगाकर हत्या करने वाले दो नक्सली चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आलदंड में हत्या करने के मामले में डेढ़ साल से फरार कई आरोपियों में से दो आरोपियों को पकड़ने में पुलिस एवं बीएसएफ को सफलता मिली है। दोनो आरोपी नक्सली है, जिनकी तलाश लंबे समय से थी। पुलिस ने दोनो आरोपी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया, जिन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

विदित हो कि 19 अप्रैल 2023 को थाना छोटेबेठिया के ग्राम आलदंड निवासी 20 वर्षीय दीपक कुमार पददा पिता स्व. कुल्ले राम पददा ने पुलिस को बताया था कि मेरे मानु ध्रुर्वा को नक्सलियों ने 5 मार्च को जनअदालत लगाकर हत्या कर दिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि नामजद नक्सली चंदर, शंकर, सुखलाल, बलदेव, नागेश, नितु, रूपी, रंजिता, जुगनी, जैनी, विजय रेड्डी, लोकेश सलाम आदि 30-35 हथियार पकड़े, वर्दी पहने नक्सली एवं नक्सली समर्थक अमृत कातो, सुखराम नुरूटी, नरेश जुर्री, सुरेश कतलामी, सुजित नुरूटी, रामसाय नुरूटी, गज्जूराम पददा, मंगडू कचलामी, नेपाल बेड़दा, राजू नुरूटी द्वारा मुझे एवं अन्य गांव के लोगों का अपहरण कर तीन-चार दिन तक बंधक बनाकर रखकर पुलिस मुखबिरी के शक में मारपीट करने व मेरे बड़े भाई मानु ध्रुर्वा की हत्या कर दिया गया है। पुलिस ने उक्त नक्सलियों के खिलाफ धारा 364, 368, 302 भादवि, 10, 13, 16, 18 वि.वि.क्रियाकलाप (अधिनियम) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस एवं बीएसएफ बलों द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे नक्सल उन्मुलन अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता मिली है। सुरखा बलो ने नक्सल गस्त सर्चिंग के दौरान 20 दिसंबर को आलदण्ड से 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर बारिकी से पूछताछ किया। पकड़े गए संदिग्धो ने अपना नाम आलदण्ड ▶▶| शेष पेज 12 पर

**छात्रों को रीजनल साइंस सेंटर रायपुर का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण**

# शैक्षणिक भ्रमण, विद्यार्थियों में विज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास में है सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति से अवगत कराने को लेकर 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को रीजनल साइंस सेंटर रायपुर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को कई ऐसी जानकारी मिली, जिससे वे आज तक अनभिज्ञ थे।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर के छात्रों ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण शैक्षिक यात्रा का अनुभव किया। पीएमश्री योजना के तहत स्वीकृत एक्सपोजर विजिट गतिविधि के अंतर्गत कक्षा 11 वीं और 12 वीं के छात्र-




छात्राओं रीजनल साइंस सेंटर रायपुर में विभिन्न विज्ञान प्रदर्शनी हॉल्स का दौरा किया, जहाँ उन्होंने भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और खगोल विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त किया। छात्रों ने इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने वैज्ञानिक उपकरणों और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान की बारीकियों को समझा। तारामंडल में आयोजित शो ने छात्रों को ब्रह्मांड की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें खगोल विज्ञान के प्रति आकर्षित किया। तारामंडल को लेकर छात्रों के मन में कई शंकाएं थी, जिनका निराकरण रीजनल साइंस सेंटर की टीम ने किया। छात्रों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस तरह के भ्रमण होने से छात्रों का मानसिक विकास होता है और बाहरी दुनिया के बारे में कई जानकारियों मिलती है, जो आगे के जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को खुलने का मौका भी मिलता है।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने भ्रमण को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे शैक्षिणक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### खेलकूद, वाद-विवाद और क्वीज स्पर्धा हुई



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एकलव्य आदेश आवासीय विद्यालय छिंदावाड़ा एवं गढ़िया में खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा सहित जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऐसी गतिविधियां अकादमिक पाठ्यक्रम के साथ वर्तमान परिवेश में एक आदर्श व्यक्तित्व के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सामाजिक कौशल, बौद्धिक कौशल, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमताओं का विकास है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने हेतु छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समस्त आश्रम-छात्रावास, प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में खेलकूद वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा और जनजातीय वीरों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित उनके पालक भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरुप नशे के लत से युवा पीढ़ी को मुक्त करने और समाज के मुख्य धारा में जुड़कर, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रत्येक जिले में नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र का स्थापना किए जाने के निर्देश पर बीजापुर जिले में कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल , डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तंबोली, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कमलेश कुमार पटेल एवं सस्था के संचालक अभिषेक चंदेल सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से हमेशा दूर रहने के लिए प्रेरित कर अपने आस-पास एवं परिचितों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरुक करने की समझाईस दी।

माता-बहनें महतारी वंदन योजना से हुए लाभान्वित

# शिविर में 211 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच व 93 का नेत्र परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जगदलपुर विकासखंड के मांझीगुड़ा में सुशासन का एक साल खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़ पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य धरमूराम मण्डावी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक साल में गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए अनेक कार्य किया है। राज्य सरकार की यह पहल सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय रामलल्ला दर्शन योजना समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह और जनपद पंचायत सदस्य सुब्रतो विश्वास ने राज्य सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे किया है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कर सशक्त बना रही है। वहीं गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना,रामलल्ला दर्शन योजनांतर्गत भगवान राम के दर्शन करने का लाभ, किसानों को कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कर रही है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए निरन्तर सकारात्मक प्रयास कर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इन योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। वहीं विष्णु की पाती का वाचन कर ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 211 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया तथा 93 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही 7 ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से बीपी, शुगर, सिकलसेल की जांच की गई। स्त्रीरोग, शिशुरोग, मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, चर्मरोग, अस्थि रोग, चर्मरोग, मनोरोग, आयुष्मान वयवंदन कार्ड निर्माण तथा आयुष्मान भारत पंजीयन, गैर संचारी रोग अंतर्गत ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, तंबाकू एवं नशामुक्ति, वयोवृद्ध जांच उपचार कर आवश्यक सलाह दी गई। वहीं निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत क्षय रोग के बारे में परामर्श दी गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण पर आधारित स्थानीय साग-सब्जी तथा पौष्टिक आहार एवं व्यंजन का प्रदर्शन किया गया। आरंभ में माध्यमिक शाला मांझीगुड़ा की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं एनआरएलएम की महिला समूह की दीदियों ने रंगोली के जरिए सुशासन का एक साल खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़ को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी, मैदानी अधिकारी-कर्मचारी, महिला समूह के महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गणित दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय गणित दिवस को गणित मेला के रूप में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना अनुसार मनाया गया। रामानुजन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारतीय प्रमुख तेजेश्वर नेताम ने किया।

गणित प्रमुख आचार्य कुमारी श्वेता तिवारी, वैदिक गणित प्रमुख जैन सिंह यादव ने गणित के महत्व को बताते हुए वैदिक गणित त्रिकोणमिति शून्य का आविष्कार इत्यादि विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कक्षा अरुण से दशम तक सभी भैया बहनों ने गिनती, उल्टी गिनती, पहाड़ा, पहेली सूत्र, वैदिक गणित के प्रयोग किए जाने वाले शब्द एकाधिकेन न्यूनेन, पुणेन, परम मित्र इत्यादि को भैया बहनों के समक्ष बताया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के एक ग्राम में हुआ।

कम उम्र में गणित के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का इन्होंने सारे संसार को लोहा मनवाया गणित जैसे विषय पर आपके द्वारा तीन से चार हजार सूत्र प्रस्तुत किया। आपका नाम देश में महान गणितज्ञ के रूप में जाना गया ब्राह्मण परिवार में आपका जन्म हुआ पिता एक छोटे से कपड़े का व्यवसाय किया करते थे गरीबी स्थिति के कारण ट्यूशन पढ़ाकर अपने परिवार का भरण पोषण किया। कम उम्र में जानकी से इनका विवाह हुआ 33 वर्ष की आयु में टीबी की बीमारी होने के कारण 16 अप्रैल 1920 को आपका स्वर्गवास हो गया। लेकिन गणित के प्रति अपनी लगन के कारण वे अमर हो गये।

## अवैध धान पकड़ने बाजारों में पहुंच रही मंडी की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। सीमावर्ती राज्यों से मंडी के प्रवेश में अवैध धान से जुड़े वाहनों की जांच की जा रही है, सीमावर्ती राज्य में धनपूंजी, कोंटा, भोपालपटम के पास बेरियर में टीम तैनात किया गया है। इसके अलावा मंडी की टीमें क्षेत्र की साप्ताहिक बाजारों में पहुंच कर धान की तलाशी कर रही हैं। साथ ही सातों जिले के जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, चारामा, संबलपुर, पखांजुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के लिए अवैध धान का परिवहन रोकने की टीम में मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल है। कृषि उपज मंडी के निरीक्षक साप्ताहिक बाजार पहुंच कर उपज की जांच की जा रही है। मंडी का लायसेंस नहीं होने पर मंडी के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मंडी ने अब तक लगभग 11 से अधिक अवैध धान के प्रकरण दर्ज किए हैं।

### अवैध धान लाना प्रतिबंधित

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने निर्देश दिया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतो, अंतर जिला से अवैध धान लाना प्रतिबंधित है।

### छिंदबहार में हुए क्विज रंगोली तथा अन्य प्रतियोगिताएं

**दरभा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विकास खण्ड दरभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर दिए गए निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्याता राजेश गुप्ता द्वारा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना जिसके अंतर्गत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए मिलती है के बारे में तथा अन्य योजनाओं को विस्तार से बताया गया। व्याख्याता बुधराम कश्यप ने बताया कि शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने तथा एक क्विंटल धान 3100 सौ रुपए में खरीदे जाने की जानकर देते हुए शासन की अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को बताते हुए योजनाओं से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया।



## बटालियन ने छिन्दनार में रक्त जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



195वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा गीदम ब्लॉक के ग्राम छिन्दनार में रक्त जाँच शिविर एवं मिडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला दंतेवाडा के ग्राम- छिन्दनार, पहुरनार, चेरपाल, छोटेकरका, बडेक़रका, तुमरीगुण्डा, पदमेटा एवं मुस्तलनार के काफी संख्या में पुरुष महिलाए एवं बच्चे सम्मिलित हुए। 195 बटालियन की व जिला चिकित्सा टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच कर आवश्यक रक्त के नमुने लिए व जरूरत की दवाई का वितरण किया गया व जिन ग्रामीणों का रक्त का नमुना लिया गया। उनको जाँच रिपोर्ट व आवश्यक दवाईयाँ रिपोर्ट आने पर उनके घर पहुँचाने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

चिकित्सा जाँच के लिए आस-पास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। और साथ ही मिडिया एक्शन प्लान 2024 के तहत 195 बटालियन व कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों का जैविक खेती, पशुपालन, जल संरक्षण, मिलेट (मोटा अनाज) कृषि, शिक्षा एवं वन बचाओं के बारे में जानकारी दिया और इनसे होने वाले फायदे के बारे में कृषि विभाग की टीम ने बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार कमांडेन्ट-195 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य, जैविक खेती तथा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानो के कार्य के प्रति सराहना की। 195 बटालियन के विक्रांत वर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, हिमांषु सहा कमा. संध्या शुक्ला सरपंच ग्राम पंचायत छिन्दनार, आरएस नेताम एसडीओ कृषि विभाग गीदम, डा रूपेष कुमार ठाकुर बारसूर, के साथ बटालियन के कई जवान भी उपस्थित थे।

## संयुक्त संचालक ने अर्धवार्षिक परीक्षा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग जगदलपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर जगदलपुर के निर्देशन पर विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं का सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी शालाओं में छात्रवृत्ति,जाति प्रमाण पत्र व आधार आईडी की प्रगति की समीक्षा भी अधिकारी द्वारा की गई। सर्वप्रथम संकुल सोनारपाल के प्राथमिक माध्यमिक शाला पहुंचकर चल रही अर्ध्ववार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया गया। संस्था में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी शतप्रतिशत उपस्थित पाए गए। इसके बाद संकुल बोडनपाल 2 के प्राथमिक शाला खूंटगुड़ा का निरीक्षण किया गया। यहां किचन शेड अति जर्जर अवस्था मे पाया गया। जिसे मरम्मत की नितांत आवश्यकता है। दर्ज संख्या के मान से टीचर की संख्या ज्यादा पाई गई। अपने अगले भृमण के दौरान मुण्डागांव संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला सिरहापारा मुण्डागांव का अवलोकन किया गया। यहाँ मध्यान्ह भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों, उपस्थिति भी आशा के अनुरूप नही पाई गई। इसके बाद लगातार निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक माध्यमिक1 शाला घोटिया का भी अवलोकन किया गया।

## एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ विश्व ध्यान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित की गई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संचालनालय नई दिल्ली के दिशानिर्देशों के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। गौरतलब हैं कि 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस आयोजित किया जाता है इसी अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग से पधारे गिरिधर गोस्वामी एवं श्रीमती पूनम कश्यप द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यक्रम के शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को बताया की ध्यान अनंत से जुड़ने का साधन है तथा प्रत्येक व्यक्ति की ध्यान अवश्य करना चाहिए । वक्ता के रूप में उपस्थित श्री गोस्वामी ने छात्र छात्राओं को शरीर मन एवं आत्मा का परिचय दिया। श्रीमती कश्यप ने विद्यार्थियों को चेयर योगा कराया। सहज योग की इस प्रक्रिया में सभी ने उत्सुकतावश अच्छा अनुभव किया। इसके पश्चात श्री गोस्वामी ने सभी को प्राणायाम एवं ध्यान कराया।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## विकास खंड स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन सभी विकासखंडों में किया गया। सुकमा में खेल महोत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल पावारास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष सुकमा कलमू आयती, शिक्षा समिति के सभापति डमरू राम नाग एवं पार्षद भुवनेश्वरी यादव के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं सामूहिक लोकगीत एकल गीत, सामूहिक नृत्य, चित्रकला, कहानी, कविता, टेक्सटाइल, भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे के द्वारा प्रमाण पत्रप्रदान कर सम्मानित किया गया।

## युवाओं को साउंड सिस्टम प्रदान कर किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

नकुलनार में सोसायटी कालोनी के युवाओं को पत्रकार पंकज सिंह भदौरिया ने अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मरण चिन्ह स्वरूप साउंड सिस्टम प्रदान किया। पंकज सिंह की पिता स्व. बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व माता स्व.श्रीमती कांति देवी भदौरिया की स्मृति में साउंड सिस्टम को युवाओं की समिति को धार्मिक और सामाजिक कार्यो में उपयोग हेतु दिया गया है। इस स्मृति चिन्ह को प्रदान करने से पूर्व स्व.कान्तिदेवी के छायाचित्र में शंकर सिंह भदौरिया, पुत्र पंकज सिंह भदौरिया, दिलीप सिंह भदौरिया, मन्नू सिंह चौहान,अश्विनी भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पंकज सिंह ने कहा कि माता-पिता हर पुत्र की छत की तरह होते हैं। जो हमेशा आपके जीवन मे बढ़ने की कामना करते हैं। हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम के पश्चात साउंड सिस्टम में माँ-पिता से जुड़ा हुआ एक गीत ये तो सच है की दुनिया मे भगवान है धरती पर माँ पिता ही उस विधाता की पहचान है बजाया गया। इसके पश्चात मिष्ठान बांटी गयी। इस अवसर पर युवा समिति के तरफ से नागेश मिश्रा, अमित भदौरिया, रंजीत भदौरिया और कुंदरू सविता एवमं उनके सहयोगी सूर्यप्रकाश यादव, भोलूप्रसाद, दीपक सविता, अभय, अर्जुन, बऊअन, राजीव, बेटू, अक्षय, दर्शन आदि मौजूद रहे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गढ़बांसला में विधायक ने किया भवनों का लोकार्पण

भानुप्रतापपुर। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गढ़बांसला में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण विधायक सावित्री मंडावी ने किया। लोकार्पण कार्य में मुख्य रुप से सामुदायिक भवन बड़ेपारा, सामुदायिक भवन दंतेश्वरी मंदिरपारा, आंगनबाड़ी भवन नयापारा, सामुदायिक भवन हल्बापारा, खाद्य गोदाम, सामुदायिक भवन कलारपारा शामिल है। कार्यक्रम के दौरान सरपंच विष्णु प्रसाद नायक, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कृष्णा टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, अमृत संचेती, चेतन मरकाम, मुकेश्वरी नरेटी, तिलक राम दर्रो, नीरा कोमरा, दयाराम जैन व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

कांकेर। चारामा थानांतर्गत भर्रीटोला निवासी 24 वर्षीय डीलेंद्र का ईलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में 20 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो धमतरी पुलिस को मिला। धमतरी पुलिस ने शून्य पर कायम कर मर्ग डायर चारामा थाना पेश किया, जिस पर चारामा पुलिस ने असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नाबालिग बालक ने फांसी लगा दी जान

कांकेर। जिला अस्पताल में मृतक 15 वर्षीय प्रिंस कुमार यादव को ईलाज के लिए 20 दिसंबर को लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सको बालक का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टी किया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना कांकेर में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत उरैया निवासी 26 वर्षीय मनीष नेताम ने जहर खा लिया। जहर शरीर में फैल जाने की वजह से 19 दिसंबर को ईलाज के दौरान मौत हो गया। उरैया निवासी आलोक नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गया। जहर खाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक पुल से गिर, युवक की डूबने से हुई मौत

कांकेर। चारामा थानांतर्गत बड़ेगौरी पुलिया से गिरने से युवक की मौत हो गई। तेलावट निवासी प्रेम निषाद ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा मृतक तेलावट निवासी 23 वर्षीय योगेश्वर निषाद अपने दोस्त के साथ चारामा गया था। पुलिस के द्वारा जानकारी दिया कि मृतक मोटर सायकल सहित बड़ेगौरी पुलिया में गिर गया व पानी में डूब जाने से उसकी मौत 19 दिसंबर को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक पेड़ से टकराई, हुई मौत

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चिहरो निवासी 40 वर्षीय दिनेश नायक को गंभीर चोट लगने की वहज से 20 दिसंबर को मौत हो गया। चिहरो निवासी नारद कुमार नायक ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल में सवार था, जो मोटर सायकल समेत पेड़ से टकरा गया। टक्कर से उसे सिर में गंभीर चोट आई, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

आयोजन : साधन और संसाधन के अनुरूप अपनी कला को विकसित करें : सरला आत्राम

# आत्मानंद महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विविध स्पर्धाओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव 2024 की शुरूआत 16 दिसबंर को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से हुई। 17 को इनडोर गेम्स व 18 को आऊटडोर गेम्स का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की लगातार हर क्षेत्र में प्रगति को दर्शाया। कार्यक्रम की अध्यक्ष व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने साधन-संसाधन न देखते हुए अपनी प्रतिभा अपनी कला को सामने लाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्सहित किया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय मंडावी ने बच्चों का स्वतंत्र रूप से भविष्य को निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने व अपना हर काम जो तय किया वो करना ही है लेकर चलने को कहा। महेश जैन ने विद्यार्थियों को देश का कर्णधार बाताते हुए अंगेजी माध्यम महाविद्यालय को इस अंचल के लिए वरदान बताया। राजीव लोचन सिंह ने वार्षिकोत्सव का महत्व बाताते हुए छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा हर क्षेत्र में दिखाने का सुअवसर वार्षिकोत्सव को बताया। शिक्षा व कला के माध्यम से सम्पूर्ण वातावरण को स्वस्थ बनाने के लिए संकल्प लेने कहा। हेमन्त ध्रुव ने विद्यार्थियों से हर चुनौतियों का सामना करते हुए, देश का नाम रोशन करने और किसी भी स्थिति में अपना मनोबल कमजोर न करने की बात कही। वार्षिकोत्सव 2024 में 100 मीटर दौड़ प्रथम स्थान पर प्रांजल सिन्हा बीकॉम भाग 3 और द्वितीय स्थान पर ताकेश जैन बीएससी भाग 1, 200 मीटर दौड़ प्रथम स्थान पर प्रांजल सिन्हा बीकॉम भाग 3 और द्वितीय स्थान पर सत्यम पांडे बीएससी भाग 1 रहे, लम्बी कूद प्रथम स्थान पर प्रांजल सिन्हा बीकॉम भाग 3 और द्वितीय स्थान पर सत्यम पांडे बीएससी भाग 1 रहे, शॅट पुट प्रथम स्थान पर लेखन साहू बीकॉम भाग 3 और द्वितीय स्थान पर गुप्तेश बीएससी भाग 3 रहे, ऊंची कूद प्रथम स्थान पर प्रांजल सिन्हा बीकॉम भाग 3 और द्वितीय स्थान पर सत्यम पांडे बीएससी भाग 1, शतरंज प्रथम स्थान पर अरमान शर्मा बीएससी भाग 3 और द्वितीय स्थान पर अजय सोनी बीएससी भाग 3, कैरम पुरूष, समूह प्रथम स्थान पर रोहण ठाकुर बीएससी भाग 3 एवं तरूण बिसेन बीएससी भाग 3 और द्वितीय स्थान पर आदित्य झा बीएससी भाग 3 एवं भव्य गांधी बीकॉम भाग 3, कैरम महिला समूह प्रथम स्थान पर खुशबू कल्लो बीएससी भाग 1 एवं दिव्या मंडल बीएससी भाग 1 और द्वितीय स्थान पर अनुराधा दास बीएससी भाग 1 एवं जायना बानो बीएससी भाग 1, बेडमिंटन पुरूष प्रथम स्थान पर आदित्य नामदेव बीएससी भाग 1 और द्वितीय स्थान पर प्रांजल सिन्हा बीकॉम भाग, बेडमिंटन महिला प्रथम स्थान पर प्राची दुबे बीएससी भाग 1 और द्वितीय स्थान पर अंजली कैथोलिया बीएससी भाग 1, क्रिकेट बीएससी प्रथम स्थान पर लेखन साहू, आदित्य नामदेव, राहुल ध्रव, आदित्य नेताम, रोहित यादव, युवराज खरे, युवराज वैध, रोहित पटेल, अंश कुमार, तरूण बिसेन, वंश जश्ननी रहे, क्रिकेट बीकॉम द्वितीय स्थान पर भूपेश नेताम, सनी ठाकुर, युवराज सिंह भाव, ताकेश जैन, रूद्रप्रताप वट्टी, रोहन ठाकुर, प्रांजल सिन्हा, उदय साहू, हर्ष रामटेके, जतिन कुमार पोया, भव्य गांधी रहे।

### नृत्य व गान से हुआ

प्रथम सत्र के कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के छात्र अतुल साहू ने किया व आभार डॉ. अशोक कुमार भारती सहायक प्राध्यापक ने किया। द्वितीय सत्र की शुरूआत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य व गान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन समर्थ गुप्ता और राशि रॉय ने किया एवं एकल गान प्रथम स्थान पर प्राची व ग्रुप ने प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रथम स्थान पर प्रांजल, द्वितीय स्थान पर त्रिभुवन, युगल नृत्य प्रथम स्थान पर प्रांजल-जया, द्वितीय प्रेरणा अंजलि, तृतीय त्रिभुवन एवं प्रांजल, समूह नृत्य प्रथम स्थान पर कशिव व ग्रुप, द्वितीय अंजलि व ग्रुप स्थान प्राप्त किया, तृतीय स्थान चेतना वा ग्रुप रहे। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरण कर समारोह का सम्पन्न किया, जिसका संचालन प्रियंका जायसवाल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं विजय कुमार साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया।

# आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं कांग्रेस ने गृहमंत्री का फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी धरसींवा ने आज शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका जिसमे कांग्रेस ने कहा है कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा केंद्रीय गृहमंत्री को डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्मा ने कहा की संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का पूरा भारत सम्मान करता है और उनका अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा केंद्रीय गृहमंत्री पर उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा की केंद्रीय गृहमंत्री अपने शब्द वापस ले और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर देश से क्षमा मांगे। श्री वर्मा ने कहा कि भारत के लिए संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता आज यदि भारत तरक्की किया है और सभी वर्ग हिल मिलकर रह रहे हैं तो यह उस संविधान की देन है जिसके निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हैं डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री देश से क्षमा मांगे।

कांग्रेसियों ने इस दौरान विरोध प्रकट करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस भी निकाल जो धरसीवा चौक पर पहुंचा जहां केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया पुतला दहन में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा, कूंरा नगर पंचायत अध्यक्ष ढालेंद्र वर्मा, साहिल खान,राजा भैया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय करप में हो रहा पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच परीक्षा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नवोदय विद्यालय संगठन का स्काउट गाइड राज्यपाल जांच परीक्षा में दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव व कांकेर जिला से 43 स्काउट एवं 29 गाइड कुल 72 सम्मिलित हुए। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के आतिथ्य में ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया।

भारत स्काउट एवं गाइड्स नवोदय विद्यालय संगठन के नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत स्काउट गाइड के बच्चों का पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच परीक्षा का आयोजन 19 से 23 दिसंबर तक पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय करप में किया गया है। शिविर संचालक वजीद खान एवं सीमा मुखर्जी ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच शिविर में दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव कांकेर के स्काउट गाइड के विद्यार्थी सम्मिलित हो कर राज्यपाल पुरस्कार के पाठ्यक्रम के जांच शिविर में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में ध्वज शिष्टाचार के साथ शिविर प्रारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के सूरज मल बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शिविर में स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, आधारभूत तत्व, सीटी के संकेत, हाथ के इशारे, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट चिह्न, मोनो, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, ध्वज-राष्ट्रीय ध्वज व स्काउट ध्वज, प्रथम सोपान की गांठें, व्हिपिंग और तथा शिवर के दूसरे दिन प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर, पट्टियां अनुमान लगाना, नक्शा, कंपास व दिशा ज्ञान, यूनिफॉर्म, पेट्रोल विधि सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण एवं परीक्षण किया गया।

प्रतिदिवस बीपी सिक्स, व्यायाम एवं रात्रि शिविर ज्वाल के साथ गतिविधियां संचालित हो रही हैं। शिविर में अभिमन्यु कुंवर, रामभजन नेताम, प्रद्युम्न श्रीवास, विवेक दास मानिकपुरी सहित विभिन्न जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालय से आए हुए स्काउटर-गाइडर प्रशिक्षण में सम्मिलित रहें।



### उद्यानिकी मित्रों को खाद्य व पोषण सुरक्षा पर केंद्रित मिला प्रशिक्षण

कांकेर। चिराग परियोजना अंतर्गत चयनित उद्यानिकी मित्रों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र में दिया गया और उनको उनके दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी देकर कई टिप्स सिखाए गए। कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय 19 से 23 दिसंबर तक विकासखण्ड नरहरपुर एवं चारामा के 40-40 उद्यानिकी मित्रों को पोषण सहायक तथा जलवायु अनुकूल बागवानी विषय पर प्रशिक्षित किया गया, जिसमें खाद्य एवं पोषण सुरक्षा आधारित उद्यानिकी गतिविधयों, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन, स्व सहायता समूहों एवं कृषक उत्पादक समूहों के माध्यम से उद्यानिकी फसलों का प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं सामुदायिक बाड़ी विकास, टपक सिंचाई, व्यक्तिगत बाड़ी विकास, कुपोषण दूर करने में उद्यानिकी फसलों का योगदान, चिराग परियोजना अंतर्गत संचालित की जाने वाली गतिविधियों के लिए स्थल के चयन, उद्यानिकी फसल प्रणाली, एकीकृत कृषि प्रणाली, बागवानी फसलों के होम स्टेड उत्पादन की अवधारणा, उद्यानिकी फसलों के लिए विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र, अजोला उत्पादन, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन तकनीक, उद्यानिकी फसलों के कीट एवं रोग प्रबंधन, नर्सरी प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

# गिरहोला में कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नगर के बाजार पारा गिरहोला मार्ग में सोनकर परिवार द्वारा कराए जा रहे श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। बाजे गाजे के साथ दोपहर 2 बजे निकली कलश यात्रा नगर का भ्रमण कर कथा पंडाल पहुंची, जिसके उपरांत भागवत की पूजा अर्चना कर कलश की स्थापना की गई। इस दौरान कथा व्यास पंडित दाऊलाल तिवारी ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का श्रवण कराया।

कथा व्यास पंडित दाऊलाल तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु, जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। जीवन में शुभ कर्मों का उदय होता है, कथा श्रवण मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने आगे कहा नारद ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संतकुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया।

इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर देवलोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। आपको बता दे कि भागवत कथा 21 से 29 दिसम्बर तक आयोजित की गई है। 23 दिसम्बर को सती चरित्र, 24 दिसम्बर नरक वर्णन, 25 दिसम्बर को श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव, 26 दिसम्बर रुक्मिणी मंगल, 27 सुदामा चरित्र, 28 दिसम्बर तुलसी वर्षा, 29 गीता ज्ञान, हवन पूर्णाहूति होगी। इस दौरान सुभाष सोनकर, राजकुमारी सोनकर, रोमन सोनकर, देवला बाई सोनकर, विष्णु सोनकर, वंदना सोनकर, महेश सोनकर, मनीषा सोनकर व अन्य इस दौरान मौजूद रहे।

# बच्चों को कुशल बनाने माताओं की बैठक जारी

चारामा। चारामा विकासखंड के 95 गांव में 19 प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के कार्यकर्ता के द्वारा हमारा गांव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के सभी बच्चों को भाषा व गणिती में बुनियादी दक्षता का विकास करना और साथ ही समुदाय को शिक्षा से जोड़ना व समुदाय के माताओं को अपने बच्चों को घर में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करना है। गांवों में डिजिटल टेबलेट के माध्यम से कक्षा 6वी से 8वी और तीसरी से 5वीं के बच्चों को मुहल्ले अनुसार चिल्ड्रन क्लब बनाकर सेल्फ लर्निंग करना है, जिससे बच्चें निरंतर अभ्यास हो सके। टीम लीडर कलम किशोर सिन्हा ने बताया की चारामा ब्लॉक में बच्चों की बुनियादी दक्षता मजबूत बनाने के लिए स्कूलों में कक्षा पहली, दुसरी और तीसरी के माताओं का मीटिंग किया जा रहा है, जिससे घर पर माताएं अपने बच्चों को घरेलू संसाधन से पढ़ाई कराने में मदद कर सके, जिसके लिए मीटिंग में माताओं से बच्चों के पढ़ाई स्तर की जानकारी दी गई। बच्चों को घर पर मदद कैसे करें, बच्चों को निरंतर अभ्यास कैसे कराए, माता साहित्य और एफएलएन अभ्यास पुस्तिका का उपयोग कैसे कराए ओर हम कैसे मदद करे, एएमसी लीडर माता की भूमिका और उनके कार्य से अवगत करना, चिल्ड्रन क्लब में बच्चो को निरंतर अभ्यास कराने के लिए हम सब मिलकर क्या करें। चिल्ड्रन क्लब में माता संरक्षक तैयार कर उन्हें उस ग्रुप के लिए जवाबदारी दी गई। उद्यमिता विकास के बारे में सभी माताओं को जानकारी दी गई। पेस सेंटर के बारे में सभी माताओं को अलग-अलग कोर्सेस की जानकारी दी गई। मीटिंग में स्कूल के प्रधान पाठक, सीएमसी अध्यक्ष व सदस्य, सीआईएम कुमुदिनी साहू, योगिता साहू, गरिमा निषाद, वेदराम सिन्हा, पंकज पटेल, हेमेंद्र पामर उपस्थित रहे।




# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान में उच्च शिक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की टीम ने शुक्रवार को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापुर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि के दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालय में शत प्रतिशत प्रवेश कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विषयों के बारे में जानकारी देना है। प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने महाविद्यालय में सभी संकायो में उपलब्ध सीटों के बारे में एवं विभिन्न सुविधाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया। बताया कि महाविद्यालय में कला संकाय में सीट 150 सीट और विज्ञान संकाय के अंतर्गत 150 सीट, बायो में 90 सीट और गणित विषय के लिए 60 सीट, वाणिज्य विषय मे 90 सीट एवं बीए(जेएमसी) में 40 सीट वही डीसीए एवं पीजीडीसीए में 30-30 सीट निर्धारित है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने विद्यार्थियों को बीए(जीएमसी) पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक अनिल साहू, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य थानु राम सिन्हा सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।




रेत की तस्करी में हाई लेवल पर सांठगांठ उजागर

# महानदी में रात को चल रही चेन माउंटेन व ओवरलोड हाईवा डिवाइडर से टकराया

हरिभूमि न्यज ▶▶| कांकेर



जिले के चारामा थाना क्षेत्र में रेत परिवहन करती एक हाईवा अनियंत्रित होकर मचांदूर गांव के पास सड़क पर बने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। यह हादसा देर रात को हुआ, जिससे अवैध रेत तस्करी का भंडाफोड़ हुआ। हादसे के बाद घटनास्थल पर रेत फैली हुई पाई गई, जिससे यह साफ हो गया कि यह वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा था। महानदी के तट पर रहने वाले ग्रामीणों को कहना है कि दबंग लोग दबंगई दिखाते हुए रातभर चैन माउंटेन से रेत निकालते है। इसकी खबर जिले से लेकर राजधानी में सरकार के पास है, उसके बाद भी कार्यवाही करने के लिए जिम्मेदारों के हाथ कांप रहे है।

बीती रात को रेत से भरी हाईवा के पलटने से जिम्मेदार विभाग की पोल खुल गई और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमानुसार रेत का परिवहन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही किया जाना चाहिए, लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। खनिज विभाग के पास अमला नहीं होने के कारण राजस्व विभाग के अमले पर कार्यवाही करने का फरमान सुनाया जा चुका है, इसके बावजूद चारामा में पदस्थ राजस्व व पुलिस के सभी विभाग के आला अफसरों की इसकी जानकारी है, परंतु कार्यवाही करने में सभी के हाथ कांप रहे है। चारामा में यह चर्चा है कि प्रदेश के कई मंत्री व संगठन के कई पदाधिकारियों के संरक्षण में यह खेल चल रहा है। इस खेल प लगाम नहीं कसा गया तो भाजपा की चारामा में ऐसी दुर्गती होगी, जितना उन्होने सोचा नहीं होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अफसरों की निषक्रियता से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण यह सिलसिला लगातार जारी है।

